**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**अधिसूचना**

पटना, दिनांक :– 20-06-2025

अधिसूचना संख्या–24 / नि0सि0 (पट0)–03–07 / 2025........1255........मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–2315 दिनांक–20.06.2025 एवं पत्रांक–01 / कैम्प छतरबिगहा दिनांक–20.06.2025 द्वारा श्री मिथिलेश कुमार (आई0डी0–5443), कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के विरूद्ध 10 अद्द टूटान स्थलों पर कराये जा रहे बाढ़ संघर्षात्मक कार्य में लापरवाही बरतने, उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने, उक्त टूटान स्थल की मरम्मति निमित कार्यहित में बुलाये जा रहे संवेदक को दिक्भ्रमित (Misguide) करने एवं जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित नहीं करने संबंधी आदि आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

2. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा प्रतिवेदित आरोपों की गंभीरता के आलोक में सम्यक विचारोपरांत सक्षम प्राधिकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार सराकरी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1)(क) में निहित प्रावधानों के तहत श्री मिथिलेश कुमार (आई0डी0–5443), कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री कुमार का मुख्यालय–मुख्य अभियंता का कार्यालय, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि में श्री कुमार को बिहार सराकरी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 के आलोक में जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह0 / –
(कुमुद रंजन)
**सरकार के उप सचिव**

**ज्ञापांक–** / **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि :– प्रभारी, ई गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ सी0 डी0 सहित दो प्रतियों में प्रेषित।

ह0 / –
**सरकार के उप सचिव**

**ज्ञापांक–** / **पटना, दिनांक–**

प्रतिलिपि :–महालेखाकार (ले0 एवं हक0) का कार्यालय, बिहार, पटना / अवर सचिव, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
**सरकार के उप सचिव**

ज्ञापांक– 1255 / पटना, दिनांक– 20-06-2025

प्रतिलिपि :–माननीय मंत्री के आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव के आप्त सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सभी अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सभी उप सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/सभी अवर सचिव (प्रबंधन), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/कार्यपालक अभियंता (आई0टी0), आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–5, 6, 7, 8, 9, 12, 15 एवं 23, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा/श्री मिथिलेश कुमार (आई0डी0–5443), कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/06/2025

सरकार के उप सचिव